# आकाशवाणी गोरखपुर
# प्रादेशिक समाचार

दिनांक–29 सितम्बर 2024 **7:20 AM**

पहले मुख्य समाचार।

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज सुबह 11 बजे आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम में लोगों के साथ साझा करेंगे अपने विचार।
- उत्तर प्रदेश इंटरनेशनल ट्रेड शो का आज होगा समापन। वेलिडिक्ट्री सेरेमनी में केन्द्रीय वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने कहा– डबल इंजन सरकार की नीतियों से भारत विकसित राष्ट्र बनने की राह पर अग्रसर।
- त्योहारों पर एक अक्तूबर से तीस नवंबर के बीच छह हजार से अधिक विशेष ट्रेनें चलाएगा रेलवे प्रशासन, बौद्ध सर्किट के लिये 19 अक्तूबर से 22 मार्च तक चलेगी विशेष ट्रेन।
- प्रदेश के अधिकांश जिलों में लगातार हो रही बारिश से जन–जीवन हुआ अस्त–व्यस्त। अगले दो दिनों तक जारी रहेगा बारिश का सिलसिला।

**********

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम में देश–विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे। यह मासिक रेडियो कार्यक्रम का 114वां एपिसोड होगा। मन की बात कार्यक्रम को आज सुबह 11 बजे आकाशवाणी और दूरदर्शन के सभी नेटवर्क, आकाशवाणी समाचार वेबसाइट और न्यूज ऑन ए आई आर मोबाइल ऐप पर प्रसारित किया जाएगा। इसे आकाशवाणी समाचार, डीडी न्यूज, पीएमओ और सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के यूट्यूब चैनलों पर भी लाइव प्रसारित किया जाएगा। हिंदी प्रसारण के तत्काल बाद आकाशवाणी क्षेत्रीय भाषाओं में भी कार्यक्रम प्रसारित करेगा।

**********

गौतमबुद्धनगर में पच्चीस सिंतबर से शुरू हुए पांच दिवसीय उत्तर प्रदेश इंटरनेशनल ट्रेड शो का आज समापन होगा। इससे पूर्व कल वेलिडिक्ट्री सेरेमनी आयोजित की गयी, जिसे संबोधित करते हुए केन्द्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि दूसरे ट्रेड शो की सफलता इस बात का प्रमाण है कि उत्तर प्रदेश निरंतर विकास की ओर बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि डबल इंजन की सरकार की नीतियों और विकास योजनाओं से भारत पांच ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बन कर विकसित राष्ट्र बनने की ओर तेजी से अग्रसर है। केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि राज्य की मौजूदा सरकार में निवेश के लिए अनुकूल माहौल है।

***शांति स्वभाव से जो विश्व की आज आवश्यकता है विश्व के लोग चाहते हैं कि जहां कि हम निवेश करें जहां भी हम कारोबार करें, वहां पर शांति रहे, वहां पर सुरक्षा मिले। उस हर परिस्थिति को पहुंचने का काम योगी जी ने किया जिस प्रकार से माननीय योगी आदित्यनाथ जी ने चाहे वह इंडस्ट्रियल पालिसी हो अलग–अलग पालिसी हो चाहे वह विश्व भर से लोगों को प्रोत्साहित करके अपने प्रदेश में निवेश लाने का काम करना हो, कौशल विकास हो अपने प्रदेशवासियों का।***

राज्य के उद्यमियों और उनके उत्पादों को वैश्विक पहचान दिलाने के उद्देश्य से आयोजित इस शो में प्रदेश के विभिन्न उत्पाद लोगों को खूब आकर्षित कर रहे हैं। हस्तशिल्प, वस्त्र और खाद्य प्रसंस्करण से संबंधित उत्पादों को देखने के प्रति लोगों में खासा उत्साह है। वहीं प्रदेश के पारम्परिक मिट्टी के बर्तन, बुनाई और कढ़ाई के सामान भी दर्शकों को खूब भा रहे हैं।

**********

आगामी त्योहारों को देखते हुए रेलवे प्रशासन ने एक अक्टूबर से तीस नवंबर के बीच छह हजार से अधिक विशेष ट्रेनें चलाने का निर्णय किया है। रेलवे हर साल लाखों यात्रियों की यात्रा सुगम बनाने के लिए त्योहारों के मौसम में विशेष ट्रेनें चलाता है। पिछले वर्षों की तुलना में विशेष ट्रेनों के परिचालन में इस बार ख़ासी वृद्धि हुई है।

वहीं भारतीय बौद्ध सर्किट के पर्यटन सीजन के दौरान भारतीय रेलवे खानपान व पर्यटन निगम लिमिटेड यानी आईआरसीटीसी विशेष पर्यटक ट्रेन भी चलाएगा। यह ट्रेन दिल्ली से चलकर बुद्ध की महापरिनिर्वाण स्थली कुशीनगर और लुंबनी सहित कई प्रमुख स्थलों की परिक्रमा करेगी। आधुनिक सुविधाओं से युक्त यह ट्रेन 19 अक्टूबर से अगले साल 22 मार्च तक सात फेरे लगाएगी।

आईआरसीटीसी ने देशी और विदेशी पर्यटकों के लिए भारतीय बौद्ध और सर्किट के लिए बुकिंग खोल दी है। इस ट्रेन से यात्री कुशीनगर के अलावा बुद्ध के जन्मस्थल लुंबनी, बोधगया, सारनाथ के अलावा वाराणसी, कपिलवस्तु, श्रावस्ती के बौद्ध तीर्थस्थलों पर पुरावशेषों, स्तूप, और अन्य धरोहरों का दर्शन कर सकेंगे।

**********

प्रदेश में बीते कुछ दिनों में अलग–अलग जिलों में रेल पटरियों पर गैस सिलेंडर, लोहे की सरिया, पेड़ की डाल आदि रखे जाने की हो रही लगातार घटनाओं के बाद कल बलिया में ट्रेन को पटरी से उतारने की कोशिश की गयी। बकुलहा–मांझी स्टेशन के बीच ट्रैक पर रखे गये पत्थर के बड़े टुकड़े से लखनऊ–छपरा एक्सप्रेस का इंजन टकरा गया। हालांकि लोको पायलट की सतर्कता से हादसा टल गया। लखनऊ–छपरा एक्सप्रेस सुबह जैसे ही बकुलहा–मांझी स्टेशन के बीच मांझी पुल पर पहुंचने वाली थी तभी लोको पायलट को पुल से पहले ही पत्थर का एक बड़ा टुकडा दिखा। इमरजेंसी ब्रेक लगा कर लोको पायलट ने ट्रेन को रोका लेकिन तब तक पत्थर, इंजन के सेफ्टी गार्ड से टकरा गया। मौके पर पहुंची आरपीएफ टीम ने सुरक्षा जांच के बाद ट्रेन को छपरा रवाना किया और मामले की जांच शुरू कर दी। उधर झांसी मानिकपुर ट्रैक पर भी सीमेंट का खम्भा रख दिया गया। समय रहते झांसी– प्रयागराज पैसेंजर ट्रेन के लोको पायलट ने इसे देख लिया और ट्रेन रोक दी। ट्रैक से खम्भा हटाने के बाद ट्रेन को रवाना किया गया। इस मामले की जांच कर रही पुलिस ने एक संदिग्ध किशोर को हिरासत में लिया है।

**********

प्रदेश के अधिकांश जिलों में लगातार तीन दिनों से हो रही बारिश से जन जीवन जन–जीवन प्रभावित होने के साथ ही फसलों को भी काफी नुकसान हुआ है। राजधानी लखनऊ सहित पूर्वांचल, बुंदेलखंड और पश्चिमी उत्तर प्रदेश के विभिन्न जिलों में गरज–चमक के साथ बरसात का सिलसिला जारी है। उधर, मौसम विभाग ने राज्य के कई जिलों में अगले दो दिनो तक बारिश जारी रहने का अलर्ट जारी किया है। नेपाल की पहाड़ियों में भारी बारिश होने और बाल्मीकी नगर बैराज से लगातार पानी छोड़े जाने से कुशीनगर में बाढ़ का खतरा बढ़ गया है। वहीं बलरामपुर में राप्ती नदी के जलस्तर में बढ़ोत्तरी दर्ज की जा रही है। इन दोनों जिलों में प्रशासन ने सभी बाढ़ चौकियों को अलर्ट कर दिया है और राजस्व विभाग की टीम गांवों में कैम्प कर रही हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बाढ़ और भारी बारिश के कारण हो रही जन हानियों को रोकने और शहरी क्षेत्रों में जल भराव की समस्या को दूर करने के लिए प्रभावी कदम उठाने का निर्देश दिया है। उन्होंने सभी जिलाधिकारियों को निर्देशित किया है कि वे फसलों को हुए नुकसान का आंकलन कर शासन को तत्काल रिपोर्ट भेजें ताकि किसानों को समय से मुआवजा राशि दी सके।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ दो दिवसीय दौरे पर कल देर शाम अपने गृह जनपद गोरखपुर पहुंचे। वह आज गोरखपुर औद्योगिक विकास प्राधिकरण क्षेत्र में वरूण बेवरेजेज की ओर से एक हजार एक सौ सत्तर करोड़ रूपये की लागत से लगायी गयी पेप्सीको के प्लांट का लोकार्पण करेंगे। मुख्यमंत्री ने आठ अप्रैल दो हजार तेइस को इस इकाई की स्थापना के लिए भूमि पूजन एवं शिलान्यास किया था। एक साल के भीतर इसका निर्माण कार्य पूरा कर लिया गया है। वहीं मुख्यमंत्री आज दोपहर बाद गीता वाटिका में भाई जी हनुमान प्रसाद पोद्दार की एस सौ बत्तीसवीं जयंती के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में भी शामिल होगें।

**********

स्वच्छता सेवा पखवाड़ा के क्रम में प्रदेश के विभिन्न जिलों में जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसीक्रम में कल लखनऊ में राजभवन के गांधी सभागार में पर्यावरण और स्वच्छता पर आधारित वीडियो और फिल्म प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें राजभवन में रह रहे बच्चों, प्राइमरी विद्यालय और उम्मीद संस्था के बच्चों ने भी प्रतिभाग किया। इस अवसर पर राज्यपाल के अपर मुख्य सचिव सुधीर महादेव बोबड़े ने प्रतिभागी बच्चों को प्रोत्साहित किया। उधर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 155वीं जयंती के उपलक्ष्य में स्वच्छांजलि देने के लिये प्रदेश के सभी निकायों में एक सौ पचपन घंटे का नॉनस्टॉप महा–सफाई अभियान जारी है। इस दौरान अब तक दो लाख से अधिक लोगों को जागरूक किया जा चुका है।

**********

परिषदीय प्राथमिक व उच्च प्राथमिक स्कूलों के सभी छात्रों का जन्म प्रमाण पत्र बनवाया जाएगा। इसके लिए स्कूलों में अभियान चलेगा। इस दौरान ऐसे छात्र जिनके पास आधार कार्ड नहीं है, शिक्षक उनका आधार कार्ड बनाएगे। बेसिक शिक्षा निदेशक प्रताप सिंह बघेल ने इस संबंध में सभी जिला बेसिक शिक्षा अधिकारियों को निर्देश जारी कर दिये हैं।

**********

कानपुर के ग्रीनपार्क स्टेडियम में भारत और बांग्लादेश के बीच अंतिम क्रिकेट टेस्ट मैच के दूसरे दिन का खेल भी कल बारिश के कारण नहीं हो सका। बांग्लादेश ने पहली पारी में अब तक 3 विकेट पर 107 रन बनाए हैं। मैच के पहले दिन सिर्फ 35 ओवर का ही खेल हो सका था।

**********